मूल्यः एक रुपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–9, अंक–1, मार्च, 2009

**किसी भी तरह के व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाईन – 1800 1800 545**

## कामधेनु पेंट के रंगों में रंगा राजस्थान

कामधेनु इस्पात लि. की पेंट शाखा "कलर ड्रीम्ज़" ने अपने नए उत्पाद कामधेनु पेंट्स डिजाइनर फिनिशेज के साथ रजवाड़ों के प्रदेश राजस्थान में अपनी मजबूत दस्तक दे दी है। गुलाबी शहर जयपुर में 4 मार्च को एक विशेष "चैनल पार्टनर्स मीट" का आयोजन किया गया, जिसमें कामधेनु पेंट के इस नए उत्पाद को राजस्थान के उपभोक्ताओं के बीच पेश किया गया। इस मीट में लगभग 500 डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों ने भाग लिया।


इस अवसर पर अपने डीलरों को सम्बोधित करते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल ने कहा "यह आयोजन हमारे लिए अपने सहयोगियों को जानने–समझने का एक बेहतरीन मौका है। हम अपने डीलरों की उपयोगिता को अच्छी तरह समझते हैं, जिनकी मदद के बगैर राजस्थान और गुजरात जैसे बड़े प्रदेश के हर उपभोक्ता तक कामधेनु पेंट (कलर ड्रीम्ज़) के उत्पादों को आसानी से पहुँचाना संभव नहीं होगा।

"कलर ड्रीम्ज़" के उत्पादों को राजस्थान के बाजार में उपलब्ध कराने के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा "हमने कामधेनु पेंट के कलर ड्रीम्ज श्रृंखला के उत्पादों को राजस्थान एवं गुजरात के बाजार में उतारने से पहले बीते कुछ महीनों में इसकी बारीकी से टेस्ट मार्केटिंग की है। इस प्रायोगिक सत्र में हमें काफी उत्साहजनक संकेत मिले हैं जिसके बाद ही हमने इन क्षेत्रों में कामधेनु पेंट के उत्पादों को सर्वत्र उपलब्ध कराने का फैसला किया।" कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से समारोह में मौजूद अन्य अधिकारियों में श्री एच.एन. मोदी, के साथ–साथ कामधेनु स्टील से जुड़े प्रदेश के कई डीलर बंधु भी शामिल थे।

समारोह के दरम्यान कामधेनु पेंट से जुड़े व्यक्तियों, डीलरों एवं कंपनियों को उनकी बेहतरीन परफॉरमेंस के लिए कई महत्वपूर्ण पुरस्कार भी दिए गए। इसमें अगस्त 2008 से जनवरी 2009 की अवधि में राजस्थान सहित देशभर में कामधेनु पेंट की सबसे अधिक मूल्य की बिक्री करने का रिकार्ड डीलर मेसर्स फाइन कलर प्वाइंट, जयपुर को दिया गया। पाली के डीलर मेसर्स राठी पेंट एजेंसी को इसी श्रेणी में इसी अवधि के लिए राजस्थान का दूसरा सबसे अधिक मूल्य का विक्रेता होने का पुरस्कार मिला। जबकि तीसरा स्थान मेसर्स लक्ष्मी पेंट हाउस, जयपुर को राजस्थान का तीसरा सबसे अधिक मूल्य का विक्रेता होने के लिए दिया गया। व्यक्तिगत पुरस्कारों में राजस्थान एवं गुजरात के डीएसएम श्री अजय गुप्ता ने बेस्ट ऑल इंडिया डिविजनल मैनेजर का ईनाम प्राप्त किया।




"कलर ड्रीम्ज" के उत्पादों को पेश करते हुए श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल, श्री सचिन अग्रवाल, निदेशक, कामधेनु इस्पात लिमिटेड, श्री राजकुमार श्रीवास्तव, सीडब्ल्यूएम, श्री सुब्रोतो उपाध्याय, डीजीएम, श्री एच. एन. मोदी, जी.एम., सुश्री शातुल अग्रवाल, श्री विनीत अग्रवाल, जीएम–एकाउंटस, सुश्री शिविका कपिल, श्री लवजीत सिंह, श्री अमित सोनी, एजीएम, ब्रांड प्रोमौशन एवं अन्य




कार्यक्रम में आए अतिथियों का मनोरंजन करते हुए लापटर चैलेंज के हास्य कलाकार जितेश चावला एवं डांस करते हुए कलाकार

# बावल संयंत्र से कामधेनु सुपर सीमेंट का उत्पादन शुरू

कामधेनु सुपर सीमेंट कामधेनु ब्रांड का एक विशिष्ट उत्पाद है, जो आपके निर्माण को फौलादी मजबूती देता है। हाल ही में दिल्ली एवं हरियाणा के उपभोक्ताओं को इसकी सुपर शक्ति से अवगत कराया गया है। इस क्षेत्र में कामधेनु सुपर सीमेंट की आपूर्ति के लिए हरियाणा के बावल में कंपनी की एक फ्रेंचाइजी इकाई स्थापित की गयी है। 6 मार्च 2009 को इस इकाई से कामधेनु सुपर सीमेंट की पहली खेप की रवानगी की गयी। इस मौके पर कामधेनु इस्पात लि. की ओर से श्री अनिल टंडन (वी.पी., मार्केटिंग) के साथ-साथ श्री सुनील सिंह, श्री अमित सोनी एवं श्री नितिन प्रताप सिंह ने संयंत्र से निकलनेवाले ट्रक को कामधेनु सुपर सीमेंट की झंडी दिखाकर रवाना किया। कंपनी की इस फ्रेंचाइजी इकाई, सैनिक फाइनांस एंड इंडस्ट्रीज लि. के निदेशक डॉ. पुनीत घई, श्री सतीश यादव एवं श्री त्यागी भी इस अवसर पर वहाँ मौजूद थे।

हरियाणा के बावल में स्थित कामधेनु सुपर सीमेंट की इस इकाई में ओपीसी-43 ग्रेड के सीमेंट का उत्पादन होता है। इस संयंत्र की उत्पादन क्षमता 7500 मैट्रिक टन प्रति माह है। संयंत्र से कामधेनु सुपर सीमेंट की पहली खेप की निकासी पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री अनिल टंडन ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक से तैयार कामधेनु सुपर सीमेंट की सुपर शक्ति को एक बार आजमाने के बाद ही महसूस किया जा सकता है। इसमें उच्च कोटि के लाइमस्टोन, कैलसियम ऑक्साइड, एलुमिना, आयरन ऑक्साइड एवं सिलिका का एक खास आनुपातिक मिश्रण है जो आपके निर्माण को अभूतपूर्व ताकत देता है। इसमें मौजूद "कैलकैरियस" एवं "ऑर्जिलेसियस" इसकी गुणवत्ता को कई गुणा बेहतर बनाते हैं। मोर्टार को कसकर जकड़ने की क्षमता से युक्त यह विश्वस्तरीय उत्पाद आपके भरोसे को अपनी विश्वसनीयता की ताकत देता है, जिसे एक बार आजमाने के बाद आप कभी भूल नहीं पाएंगे।"

कामधेनु की फ्रेंचाइजी इकाई सैनिक फाइनांस एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक डॉ. पुनीत घई ने विश्वास जताया कि शीघ्र ही कामधेनु सुपर सीमेंट दिल्ली एवं एनसीआर क्षेत्र में निर्माण की एक मजबूत कड़ी बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं ने अभी केवल इसके गुणों के बारे में सुना है, और पूरी उत्सुकता के साथ इसकी प्रतीक्षा भी कर रहे हैं, और कामधेनु एक ऐसा ब्रांड है जिसने अपनी विश्वसनीयता के दम पर उपभोक्ताओं के बीच अपनी मजबूत पहचान कायम की है।



माल सम्प्रेषण के अवसर पर कामधेनु इस्पात लि. के श्री अनिल टंडन वी.पी.-मार्केटिंग, श्री सुनील सिंह, जीएम - सीमेन्ट, सैनिक फाइनांस एंड इंडस्ट्रीज लि. के निदेशक डॉ. पुनीत घई, श्री सतीश यादव, श्री त्यागी, श्री तिवारी एवं अन्य।

इस

# बाल-बाल बचा पाक का लोकतंत्र

बीते दिनों पाकिस्तान में नवाज शरीफ की अगुवाई में एक लोकतांत्रिक जन आंदोलन को हवा दी गयी। इसका नतीजा यह निकला कि सैनिक शासन की ओर बढ़ते पाकिस्तान का लोकतंत्र बाल-बाल बच गया। इस खबर से न केवल पाकिस्तानी अवाम ने बड़ी राहत महसूस की बल्कि भारत और पाकिस्तान समेत दुनिया के कई बड़ों देशों ने भी चैन की सांस ली। पाकिस्तान में असंतोष बढ़ने के कई कारण हैं, जिनमें एक बड़ा कारण है यहाँ तालिबान का बढ़ता प्रभाव। पाकिस्तान सरकार और तालिबान के बीच स्वात घाटी में हुए अल्पकालिक समझौते के बाद यह असंतोष और गहरा गया था।

राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी इन सारी घटनाओं को मूक दर्शक बने देखते रहे। इसी बीच श्रीलंकाई क्रिकेट टीम पर भी हमला किया जिसमें टीम के कई खिलाड़ी बाल-बाल बचे। इससे अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की साख पर काफी बड़ा धब्बा लग गया।



उधर नवाज पर भी शिकंजा कसने लगा, और उनके पास करो या मरो वाली स्थिति आ गयी। फिर उन्होंने पाकिस्तान अवाम के साथ-साथ कई बड़े नेताओं को साथ लेकर हुकूमत के खिलाफ फ्लैग मार्च का ऐलान कर दिया। एक तरफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की गिरती साख और दूसरी तरफ लोकतंत्र की टूटती सांसों ने मौजूदा राष्ट्रपति जरदारी और प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी को नवाज शरीफ से समझौता करने पर मजबूर कर दिया।

समझौते की दो प्रमुख मागें - 2007 की इमरजेंसी के दौरान जस्टिस इफ्तिखार चौधरी सहित बरखास्त किए गए अन्य न्यायाधीशों की बहाली और 1999 में हुए तख्तापलट के बाद राष्ट्रपति की असीमित ताकत को कम कर पहले की सांवैधानिक स्थिति बहाल करना, मान ली गयीं। अब बदली हुई फिजां में पाकिस्तानी लोकतंत्र आनेवाले कुछ समय के लिए काफी राहत महसूस कर सकता है ।

इस

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने सदैव अपने डीलरों की अहमियत को जाना और समझा है। कंपनी की ओर से समय–समय पर ऐसे आयोजन किए जाते हैं, जिससे डीलरों का उत्साहवर्धन हो और साथ ही वे कंपनी और इसके उत्पादों के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी हासिल कर सकें। कामधेनु ने नैसर्गिक सौंदर्य से भरपूर द्वीपनगरी दिउ के "कोहीनूर रिसॉर्ट को चुना। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से श्री अनिल टंडन (वी. पी., मार्केटिंग), श्री सुशील चौधरी (जीएम, मार्केटिंग) और श्री चंदन गोस्वामी (सीनियर मैनेजर, बी.पी.) ने समारोह में हिस्सा लिया। डीलरों के इस सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले अतिथियों में कामधेनु टीएमटी के कच्छ एवं सौराष्ट्र के डिस्ट्रीब्यूटर श्री मुकेश भाई पटेल एवं श्री राकेश भाई पटेल भी शामिल थे।

## गुजरात में आयोजित किया गया "कामधेनु टीएमटी"

# डीलरों का सम्मेलन




कामधेनु की ओर से सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री सुशील चौधरी, जीएम, मार्केटिंग साथ में श्री अनिल टंडन, वी.पी., मार्केटिंग एवं कामधेनु टीएमटी के कच्छ एवं सौराष्ट्र के डिस्ट्रीब्यूटर श्री मुकेश भाई पटेल एवं श्री राकेश भाई पटेल


गुजरात के कामधेनु टीएमटी डीलरों के इस सम्मेलन को आयोजित करने के महत्व पर अपने विचार रखते हुए श्री अनिल टंडन ने कहा "कामधेनु ब्रांड के सभी उत्पादों में कामधेनु टीएमटी एक प्रमुख उत्पाद की अहमियत रखता है, और इसकी कामयाबी में गुजरात के बाजार का एक विशेष योगदान रहा है। इसका सारा श्रेय हमारे इस क्षेत्र के डीलरों को जाता है, जिनकी कड़ी मेहनत और समर्पित प्रयासों ने कामधेनु टीएमटी को अपनी श्रेणी के अन्य उत्पादों से काफी आगे ला खड़ा किया है। कामधेनु टीएमटी के गुजरात के डीलरों ने उपयुक्त समय पर एक सटीक और सुनियोजित तरीके से इस विस्तृत बाजार में अपने लिए जगह बनाई और फिर हर चुनौती का बखूबी सामना करते हुए कामयाबी की सीढ़ियाँ चढ़ते चले गए।"

इस अवसर पर श्री सुशील चौधरी ने कहा "यह सम्मेलन असल में कंपनी के इस क्षेत्र के सभी डीलरों के उत्साह को बढ़ाने के साथ–साथ आपकी चुनौतीपूर्ण भूमिका की सराहना करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। विपरीत परिस्थितियों में सीमित संसाधनों के साथ आप सभी ने वह काम कर दिखाया है जो दूसरों के लिए अनुकरणीय है।"

कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्र के सम्पूर्ण बाजार को कामधेनु टीएमटी की आपूर्ति कंपनी की फ्रेंजाइजी इकाई मेसर्स आशियाना रोलिंग मिल्स लिमिटेड द्वारा की जाती है। कामधेनु टीएमटी की इस इकाई की वर्तमान उत्पादन क्षमता 7,500 मैट्रिक टन प्रति माह की है। हालांकि, इस क्षेत्र में कामधेनु टीएमटी की बढ़ती माँग को देखते हुए कंपनी शीघ्र ही वर्तमान उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 10,000 मैट्रिक टन करने पर विचार कर रही है।

# शुरू हुआ कामधेनु क्रिकेट लीग

कामधेनु इस्पात लिमिटेड द्वारा हाल ही में शुरू किए गए कामधेनु क्रिकेट लीग 2009 का पहला मैच जयपुर आयोजित किया गया जिसमें कामधेनु कॉरपोरेट टीम को छत्तीसगढ़ की टीम ने परास्त कर दिया। छत्तीसगढ़ की टीम ने मैच के आखिरी ओवर में लगभग हार रहे मैच को जीत लिया। मैच के दौरान डीलरों का उत्साह देखने लायक था। कामधेनु क्रिकेट लीग के दूसरे चरण का मैच गाजियाबाद के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया गया, जो कामधेनु की कॉरपोरेट टीम एवं गाजियाबाद पेंट्स डीलर्स एसोसिएशन के बीच खेला गया। 25–25 ओवर के इस मैच को कामधेनु कॉरपोरेट टीम ने जीता। गाजियाबाद पेंट्स डीलर्स एसोसिएशन की ओर से इसके प्रेसिडेंट श्री प्रदीप गुप्ता, सचिव श्री लक्ष्मण गुप्ता, खजांची श्री वेद सिंघल, एवं वाइस प्रेसिडेंट श्री राजन जैन इस आयोजन का अहम हिस्सा बने रहे।



कामधेनु कंपनी की ओर से रविवार को आयोजित क्रिकेट मैच में कैच लपकने की कोशिश में विकेट कीपर।

क्रिकेट मैच के साथ–साथ यहाँ बच्चों के लिए एक ड्राइंग प्रतियोगिता और महिलाओं के लिए फन एंड एंटरटेनमेंट कार्यक्रम तोल मोल के बोल का आयोजन भी किया गया। जिसमें बच्चों और महिलाओं की दिलचस्पी देखने लायक थी।





सुश्री शातुल अग्रवाल सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के पुरस्कार से श्री सुबीर सरकार को सम्मानित करते हुए

RNI. No.: DELHIN/2000/4124,     Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-2011



# कामधेनु परिवार ने एक–दूसरे से बाँटी होली की खुशियाँ



होली मिलन समारोह में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी, श्री सतीश अग्रवाल, निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल के साथ डिस्ट्रीब्यूटर श्री राजीव गर्ग, श्री संजय गुप्ता, वी.पी.–मार्केटिंग, श्री अनिल टंडन, सीनियर ब्रांड प्रमोशन मैनेजर श्री चंदन गोस्वामी एवं अन्य

उत्साह और उमंग से भरपूर रंगों के त्यौहार होली के उपलक्ष्य में कामधेनु परिवार की ओर से एक सामूहिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कामधेनु के 500 से ज्यादा डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों ने एक–दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी और रंगारंग कार्यक्रमों का जमकर लुत्फ उठाया। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सभी निदेशक, प्रेसिडेंट, वीपी, जीएम एवं अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में आयोजित इस समारोह में कामधेनु परिवार का एक अलग ही रंग देखने को मिला। समारोह में मौजूद हर व्यक्ति कामधेनु के रंग में रंगा था। बच्चे हो या बड़े, कर्मचारी हो या अधिकारी, यहाँ एक–दूसरे के बीच कोई फासला नहीं था। रंग–बिरंगे गुलालों की सुनहरी धुंध में एक–दूसरे का मुँह मीठा कराते हुए हर किसी के मन में आनेवाले सुनहरे कल की तस्वीर दिखाई दे रही थी। कामधेनु की फ्रेंचाइजी कंपनी मेसर्स एडवांस इम्पैक्स, गाजियाबाद के निदेशक श्री राजकुमार गर्ग एवं श्री पवन गर्ग ने भी समारोह में हिस्सा लिया।

दिल्ली के पंजाबी बाग क्लब के निकट स्थित भाई नथ्था सिंह वाटिका में आयोजित इस होली मिलन समारोह का आगाज संगीतमय कार्यक्रम के साथ हुआ जिसमें सभी




लोग डीजे के मस्ती भरे संगीत पर जमकर थिरके। होली की खुशियों को चार चांद लगाने के लिए समारोह में कई तरह की रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयी, जिसमें लोटपोट, म्यूजिकल चेयर, मटकी फोड़, फैमिली–फैमिली जैसी प्रतिस्पर्धाओं में विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक ईनाम दिए गए। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता की विजेता सुश्री शिविका कपिल रही। इसी तरह फैमिली–फैमिली प्रतियोगिता में आलू फैमिली के मिस्टर आलू का ईनाम ज्योति, मिसेज आलू का ईनाम आरती सरकार, बाबा आलू का ईनाम श्रीमती नीतू कटारिया और बेबी आलू का ईनाम सुश्री सरिता को मिला। कार्यक्रम देर शाम तल चलता रहा, जिसके बाद सभी लोगों ने लजीज डिनर का भरपूर मजा लिया।

बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ

जीतू भाई
मेसर्स कृष्णा स्टील
150 फीट रिंग रोड,
एसबीएस बैंक के विपरीत
तुलसी पार्क, राजकोट,
मो.–09825548489

मोयज भाई
मेसर्स युनीवर्सल ईन्टरप्राईज
पुराने बस अड्डे के नजदीक,
एच.के.कुमार स्कूल के विपरीत,
लिम्बडी,
मो.–09879207674

Printed at Tara Art Printers Pvt. Ltd., A-46/47, Sector-5, Noida, UP.

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com